फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर,
36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 08 जुलाई, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा जून, 2024 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और जून, 2024 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

आन्सी

संलग्न : यथोक्त

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री पुनीत कंसल, अपर सचिव)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**<u>मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में जून, 2024 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां</u>**

1. 22 जून 2024 को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री महामहिम शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान मात्स्यिकी के क्षेत्र में सहयोग पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भारत सरकार और पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का नवीनीकरण किया गया।

2. माननीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने माननीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और माननीय राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन के साथ मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का कार्यभार संभाला । मत्स्यपालन विभाग और पशुपालन और डेयरी विभाग के सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने माननीय मंत्रियों का स्वागत किया । कार्यभार संभालने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए माननीय मंत्रियों ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली विगत सरकारों के विजन और नीतियों के कार्यान्वयन में निरंतरता बनी रहेगी। माननीय मंत्री ने कहा कि इस विजन के कार्यान्वयन में आने वाली किसी भी बाधा को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

3. मत्स्यपालन विभाग ने 21 जून, 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस भव्य कार्यक्रम में मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान माननीय मंत्री ने योग के महत्व पर जोर दिया और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का सुझाव दिया।

4. केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने 18 जून, 2024 को केंद्रीय मत्स्य नौवहन एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट), कोच्चि का दौरा किया। उन्होंने फिशिंग गैयर लबोरेट्री, सीमैनशिप लबोरेट्री, सिफनेट वेस्सल एम.वी. प्रशिक्षणी, नेविगेशन सिम्युलेटर आदि का निरीक्षण किया।

5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 10 जून, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के फंड जारी करने - एसएनए स्पर्श मॉडल के तहत कवर किए जाने वाले राज्यों और योजनाओं की अधिसूचना पर चर्चा करने के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

6. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 19 जून 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से मात्स्यिकी और जलीय कृषि में कार्बन फुटप्रिंट, कार्बन क्रेडिट और कार्बन ट्रेड पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) द्वारा एक प्रस्तुति की अध्यक्षता की।

7. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 25 जून 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में नीति आयोग सी वीड रिपोर्ट रिपोर्ट और कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

8. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 26 जून 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से मात्स्यिकी और जलीय कृषि मुद्दों पर समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) द्वारा एक प्रस्तुति की अध्यक्षता की।

9. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने मात्स्यिकी और जलीय कृषि के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों पर "मत्स्य मंथन" की छठी बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें 27 जून, 2024 को चंद्रलोक बिल्डिंग, नई दिल्ली में स्टार्टअप ऑप्टिफाई सॉल्यूशंस द्वारा एक प्रस्तुति दी गई।

10. सचिव, मत्स्यपालन विभाग ने 27 जून 2024 को कृषि भवन, नई दिल्ली में ब्रूड, बीज और फ़ीड मुद्दों पर चर्चा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

11. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 4 जून 2024 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अपर सचिव (टीएनएम) की अध्यक्षता में गैर विशिष्ट ईंधन (नॉन स्पेसिफिक फुएल) सब्सिडी पर एक बैठक में भाग लिया।

12. आर्थिक सलाहकार, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल के एक भाग के रूप में सैन जोस, कोस्टा रिका में 5 से 8 जून 2024 तक ओशियन एक्शन: इमर्स्ड इन चेन्ज (एचएलईओए) सम्मेलन के उच्च स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया ।

13. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 7 जून 2024 को चेन्नई, तमिलनाडु में समुद्र और नदी के ईकोसिस्टम में सर्कुलर एकोनोमी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

14. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 11 जून, 2024 को नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली में सचिव (सीमा प्रबंधन) की अध्यक्षता में तटीय सुरक्षा पर अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठक में भाग लिया।

15. मात्स्यिकी विकास आयुक्त ने 11 से 12 जून, 2024 के दौरान आयोजित "मात्स्यिकी और जलीय कृषि पर शासन और सार्वजनिक नीतियों" पर ब्राजील के जी20 प्रेसीडेंसी के तहत तीसरे कृषि कार्य समूह (एडब्ल्यूजी) की बैठक में भारत सरकार के मत्स्यपालन विभाग का प्रतिनिधित्व किया ।

16. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 12 जून, 2024 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अपर सचिव की अध्यक्षता में समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गठित संचालन समिति की दूसरी बैठक में भाग लिया।

17. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) की अध्यक्षता में 13 जून, 2024 को भारत में फिलीपींस दूतावास, फिलीपीन व्यापार और निवेश केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ मात्स्यिकी के क्षेत्र में फिलीपींस के साथ सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई।

18. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) और संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 18 जून, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से इंडियन वाटेर्स में एक्जोटिक एक्वाटिक स्पीसीज की शुरुआत पर राष्ट्रीय समिति की 41वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की।

19. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 25 जून 2024 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में बंगाल इनीशिएटेव फॉर मल्टी सेकटरल टेक्निकल एण्ड इकोनोमिक कोओपेरेशन (बिम्सटेक) सिनेरजीज़ इन अग्री कलचरल ट्रेड : क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम में भाग लिया।

20. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 7 जून 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) - केंद्रीय अनुमोदन और निगरानी समिति (सीएएमसी) की 17वीं बैठक की अध्यक्षता की ।

21. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 13 जून 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों/मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) को मजबूत करने की वर्तमान प्रगति और चुनौतियों पर एक बैठक की अध्यक्षता की।

22. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने 27 जून, 2024 को सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित "आजीविका सुरक्षा के लिए एकीकृत मत्स्य फ़ार्मिंग" पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित किया । कार्यक्रम में 50 मत्स्य किसानों और युवा उद्यमियों ने भाग लिया। इसके अलावा एनएफडीबी ने कुल 80 प्रशिक्षण, जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित/प्रायोजित किए और लगभग 29,109 लोगों तक पहुँच बनाई।

23. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के फिशिंग वेस्सल ने इस माह के दौरान भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मत्स्यन संचालन के लिए तलमज्जी (डेमेरसल) मत्स्य संसाधनों का आकलन और निगरानी की।

24. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक और केरल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 163 आवेदनों और इनपुट निर्माताओं से प्राप्त एंटीबायोटिक मुक्त एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 71 आवेदनों सहित 234 आवेदनों पर कार्रवाई की। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और गोवा के मात्स्यिकी अधिकारियों, किसानों, हैचरी संचालकों और अन्य हितधारकों को सीएए (संशोधन) अधिनियम, नियमों और दिशानिर्देशों के बारे में जागरूक करने के लिए फार्मों और हैचरी का 752 दौरा किया गया ।

25. केंद्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान (सीआईसीईएफ) ने दादर और नगर हवेली (डीएनएच) और दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासन में वनकबारा मत्स्यन बंदरगाह के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए और पुडुचेरी के केंद्र शासित प्रदेश में कराईकल

मात्स्यिकी बंदरगाह चरण II के लिए तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीईएफआर) तैयार की और प्रस्तुत की, जिसमें स्मार्ट, इंटेलिजेंट, ब्लू पोर्ट, ग्रीन पोर्ट और स्मार्ट और एकीकृत मत्स्यन बंदरगाह के अन्य घटकों के तत्वों को शामिल किया गया।

26. राष्ट्रीय मात्स्यिकी पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण संस्थान (निफेट) ने 31 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

27. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के अंतर्गत शिकायत निपटान 30 जून, 2024 तक 95% था।

***